Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 28-08-2022 | अंक 327

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### अवैध रूप से डपोक में आरा मिल किया जा रहा संचालित



पर्यावरण को बचाने के लिए एक और जहां घर – घर हरियाली का संदेश दिया जा रहा है। वहीं मध्य विद्यालय डपोक के नजदीक अवैध रूप से आरा मशीन संचालित किया जा रहा है। नियमो को ताक पर रखकर इन आरा मशीनों में हरे भरे पेड़ों की बलि चढ़ाई का रही है। पर्यावरण पर चलते कुल्हाडियो की सब अनदेखी कर रहे है। नतीजन इन पर अंकुश लगने के बजाय आए दिन अवैध आरा मशीन बढ़ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह आरा मशीन पिछले कई महीनों से संचालित किया जा। रहा है।




# डॉक्टर्स की कमी से जूझ रहा है बरही अनुमंडलीय अस्पताल, ओपीडी इमरजेंसी संचालन में हो रही है परेशानी

## ट्रॉमा सेंटर में ऑर्थोपेडिक सर्जन नही, शिशु एवं नेत्र विशेषज्ञ का भी है अभाव, डीएस के डिमांड के बाद भी नही मिले डॉक्टर्स

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल इन दिनों डॉक्टर्स की कमी से जूझ रहा है। स्वीकृत 12 डॉक्टर्स के स्थान पर मात्र चार डॉक्टर्स ही कार्यरत हैं। जिसके कारण ओपीडी एवं इम. रजेंसी के साथ साथ स्वास्थ्य कार्यक्रम क्रियान्वयन में काफी परेशानी हो रही है। बंरही में फिलहाल डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, डॉ बीएस अग्रवाल, डॉ मनितोष कुमार एवं डॉ इंद्रजीत कुमार कार्यरत हैं। बरही अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यरत डॉ अर्जुन सोरेन को प्रतिनियोजित कर बरकट्ठा पीएचसी को प्रभारी बना दिया गया है। वही डॉ एके रंजन का ट्रांसफ़र हो गया है। डॉ सचिन कुमार का भी गिरीडीह स्थान्तरण हो गया है, लेकिन डॉ सचिन कुमार के स्थान पर किसी डॉक्टर्स की पोस्टिंग नही हुई है। जिसके वजह से पीएचसी गौरियाकरमा की स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हो रही है।


डॉ प्रकाश ज्ञानी

**डॉ राहुल कुमार की पोस्टिंग बरही अनुमंडलीय अस्पताल में और सेवा हज़ारीबाग़ जेल में।**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल के नाम पर डॉ राहुल कुमार की पोस्टिंग हुई है। लेकिन वे अपना प्रतिनियोजन करवाकर अपनी सेवा हज़ारीबाग़ सेंट्रल जेल में दे रहे हैं। वे वेतन अनुमंडलीय अस्पताल से उठाते हैं और सेवा जेल में देते हैं। अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टिंग होने के वजह से उनके स्थान पर किसी दूसरे डॉक्टर्स की पोस्टिंग नही हो पा रही है। क्योंकि स्वीकृत संख्या में डॉ राहुल कुमार की भी गिनती अनुमंडलीय अस्पताल के नाम पर ही होती है।

**विशेषज्ञ डॉक्टर्स की कमीरू बरही में बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए ट्रॉमा सेंटर तो बनाकर चालू करा दिया गया। लेकिन ट्रॉमा सेंटर के लिए अबतक ऑर्थोपेडिक सर्जन एवं ऑर्थोपेडिक स्वास्थ्यकर्मियों की पोस्टिंग नही की गई है। जिसके कारण एक ही डॉक्टर्स को सारी सेवाएं देनी पड़ रही है। वहीं इस अस्पताल में न तो शिशु रोग विशेषज्ञ हैं और न ही नेत्र रोग विशेषज्ञ।। जिसके कारण बच्चों एवं आंख की रोगियों का इलाज नही हो पाता है।**


अनुमंडलीय अस्पताल बरही

**पोस्टमार्टम हाउस के लिए भी डॉक्टर्स की नही है व्यवस्था : बरही अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम हाउस बनकर तैयार है।**

जनप्रतिनिधियों के द्वारा इसे चालू करने की मांग की जा रही है। लेकिन उन्हें जानना जरूरी है कि पोस्टमार्टम हाउस के लिए डॉक्टर्स चाहिए। चालू कराने के पहले डॉक्टर्स की पोस्टिंग जरूरी है। बिना डॉक्टर्स की व्यवस्था के ही पोस्टमार्टम हाउस चालू कराने का कोई औचित्य नही रह जायेगा। पहले से ही डॉक्टर्स की कमी से जूझ रहा अस्पताल के लिए पोस्टमार्टम भी सिर दर्द बनकर रह जायेगा। इसलिए जनप्रतिनिधियों को पहले डॉक्टर्स की व्यवस्था के लिए पहल करने की जरूरत है।

**जितना मानव संसाधन है उतने में बेहतर करने का प्रयास जारी : डॉ प्रकाश ज्ञानी**

डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल बंरही में डॉक्टर्स की काफी कमी है। इसके बाद भी सीमित संसाधन से बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। डॉक्टर्स एवं विशेषज्ञ डॉक्टर्स के लिए विभागीय पत्राचार किया गया है। लेकिन अब तक डॉक्टर्स की कमी को पूरा नही किया गया है। हालांकि सीएस के द्वारा डॉक्टर्स की उपलब्धता के लिए आश्वासन मिला है। पर्याप्त संख्या में डॉक्टर्स उपल. ब्ध होने पर पोस्टमार्टम हाउस, ट्रॉमा सेंटर, ओपीडी इम. रजेंसी को और सही तरीके से संचालित किया जा सकेगा।

# घर मे घुसकर महिला के साथ मारपीट, गंभीर अवस्था मे अस्पताल में भर्ती

## एक दिन पहले आरोपियों ने महिला के बेटी के साथ की थी मारपीट

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

कोल्हुवाकला पंचायत के करगाइयो में दबंग प्रवृति के कुछ लोगों ने शनिवार देर रात घर मे घुसकर एक महिला देवंती देवी के साथ बेरहमी से मारपीट की। गंभीर अवस्था मे उसे आस पास के लोगों के द्वारा बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पहले सदर अस्पताल उसके बाद रांची रेफर कर दिया गया। जहां महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक घर मे महिला एवं उसकी एक बेटी सोई हुई थी। अचानक लगभग 2 बजे रात्रि नारायण पंडित, प्रदीप पंडित, सूरज पंडित एवं बिट्टू पंडित घर का दरवाजा तोड़कर घुसे और सो रही महिला को घसीट कर आंगन में लाकर मारपीट की और कुल्हाड़ी से हाथ काट दी। बताया जाता है कि एक दिन पहले भी उपरोक्त लोगों के द्वारा महिला की बेटी के साथ मारपीट की गई थी। इस मामले में बरही थाना में प्रथमिकी भी दर्ज कराई गई है। डायन भूत का आरोप लगाकर पुनः रात्रि में जानलेवा हमला किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


महिला का इलाज करते चिकित्सक

# जीप उपाध्यक्ष से मिले धोबघट नरसिंहवा के ग्रामीण, समस्याओं से कराया अवगत

## धोबघट की हर समस्या का समाधान हमारी प्राथमिकता : किशुन यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

रानीचुवा पंचायत के धोबघट नरसिंहवा के ग्रामीणों ने अपनी ग्रामीण समस्याओं को लेकर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव से मिले । ग्रामीणों ने बताया कि आज़ादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी अब तक धोबघट ,नरसिंहवा को पक्की सड़क से नही जुड़ पाया है। जिसके वजह से आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। पहाड़ी एवं पथरीली जमीन होने के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका होती है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि धोबघट नरसिंहवा पहाड़ पर बसा है। जिसके कारण पेयजल की काफी समस्या उत्पन्न हो रही है। यहां के लोग नाले का पानी पीने को मजबूर हैं। बिजली की भी समस्या बनी है। हर टोले तक बिजली नही पहुंच पाया है। समस्या से अवगत होने के बाद जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि धोबघट वासियों की हर समस्या पर उनकी नजर है। सड़क, पेयजल एवं बिजली की समस्या का निदान जल्द किया जाएगा। महेश सोरेन, जगदीश सिंह, लाखो सिंह, खूबलाल सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।


जीप उपाध्यक्ष को अपनी समस्या से अवगत कराते धोबघट के ग्रामीण

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## जैक अष्टम बोर्ड में संत मैरी पब्लिक स्कूल के सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से पास

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



अष्टम जैक बोर्ड में सफल बच्चे

संत मैरी पब्लिक स्कूल, कोनरा (बरही) के बच्चों ने जैक अष्टम बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन किया है। इस विद्यालय से चार बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे। सभी चारों प्रथम श्रेणी से पास हुए। इनमे राहुल यादव पिता राजेश यादव, पूरनाडीह,आदित्य कुमार पिता होरिल साव, सरैया प्रियांशु कुमारी पिता मनोज टुडु,रामुबेडा एवं मो दिलशाद अली पिता मोहम्मद असलम, रसोईया धमना शामिल हैं। स्कूल के निदेशक सह प्रधानाचार्य मिथिलेश यादव ने सभी बच्चों, अभिभावकों और स्कूल में कार्यरत सभी शिक्षकों को इसका श्रेय देते हुए बधाई दिया है। उन्होंने कहा कि कम शुल्क में अच्छी शिक्षा देना उनकी प्रतिबद्धता है । जिसे वो निभा रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि आने वाले सत्र में दशम तक की पढ़ाई की भी व्यवस्था स्कूल में की जाएगी। इस योजना पर काम चल रहा है। दोनों तरह के बोर्ड की परीक्षा में बच्चे शामिल हो पाएंगे। चारो में राहुल यादव ने स्कूल ट०प किया। स्कूल प्राचार्य ने कहा कि इन सभी बच्चों को 5 सितंबर के दिन मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।

## चतरो में विश्वकर्मा पूजा एवं दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के चतरो में रविवार को विश्वकर्मा पूजा एवं दुर्गा पूजा के लिए बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे विश्वकर्मा पूजा के लिए अध्यक्ष रामाशीष यादव, उपाध्यक्ष संजय पांडेय का चयन किया गया। वही दुर्गा पूजा के लिए अध्यक्ष चंद्रिका यादव, उपाध्यक्ष रामाशीष यादव, सचिव सुरेश यादव, उपसचिव श्याम सुंदर यादव, कोषाध्यक्ष संजय कुमार पांडेय एवं उपकोषाध्यक्ष जितेंद्र पंडित का चयन किया गया। वहीं मौके पर मौजूद सदस्यों ने त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया। मौके पर विनोद पासवान, नरेश पासवान, कैलाश यादव, श्याम सुंदर यादव, दिनेश यादव, सुभाष यादव, संतोष यादव, महेश यादव, बासुदेव यादव, प्रकाश यादव, विजय यादव, बीरेंद्र यादव, सुरेश यादव, दौलत पंडित सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक मजदूर की मौत, एक घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



इलाजरत घायल छत्रु यादव

धनबाद रोड बिलौतिया मोड़ के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। मृतक की पहचान माँसू मुर्मू पिता रघु मांझी (30) मेरमगढ़ा बरकट्ठा के रूप में हुई। जबकि घायल जरहिया निवासी छत्रु यादव को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हज़ारीबाग़ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक दोनो रियाडा प्रक्षेत्र में स्थापित एक स्टील फैक्ट्री में काम करते थे। घायल छत्रु यादव सुपरवाइजर का काम करते थे। वह मज़दूरों का मज. दूरी का भुगतान करने मेरमगढ़ा गए हुए थे। मजदूरी भुगतान कर वापस लौटने के क्रम में माँसू मुर्मू मिल गए। दोनो एक ही बाइक पर बरही की ओर आ रहे थे। उसी दौरान बरही बिलौतिया मोड़ के पश्चिम एक वाहन के चपेट में आ गए। मौके पर ही माँसू मुर्मू की मौत हो गई। सूचना पर उनके परिजन बरही थाना पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए हज़ारीबाग़ भेज दिया गया। जिस फैक्टरी में मृतक काम करता था, उनके द्वारा पोस्टमार्टम एवं अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहयोग भी की गई।

## तिलेश्वर साहू सेना का पदमा प्रखंड में हुआ विस्तार

### टीएसएस का हर एक कार्यकर्ता समाजसेवा के लिए है संकल्पित : अरुण साहू






**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही हाउस उज्जैना में अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं बरही विधानसभा के युवा नेता अरुण साहू की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजन किया गया। बैठक में पदमा प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आये लोगों के सर्वसहमति से तिलेश्वर साहू सेना के पदमा प्रखंड अध्यक्ष गौतम चंद्रवंशी, युवा टीम का अध्यक्ष गोविंद मेहता, पिण्डारकोन पंचायत का अध्यक्ष बीरेंद्र मेहता, सचिव महेंद्र मेहता, सरैया पंचयात का अध्यक्ष अजहर अंसारी, पदमा पंचयात का अध्यक्ष संजय ओझा, सचिव खुर्शीद राय, कुटीपीसी पंचायत का अध्यक्ष सुनील मेहता, सचिव ननकू मेहता, बंदरबेला पंचयात का अध्यक्ष सेराज अंसारी, सूर्यपुरा पंचायत का अध्यक्ष सुरेंद्र मेहता, सचिव पंकज मेहता, रोमी पंचयात का अध्यक्ष चुनु मेहता, सचिव सतीश मेहता, बिहारी पंचयात का अध्यक्ष संभु मेहता को चुना गया। पदमा प्रखंड में संगठन को बेहद मजबूत करने का काम करेंगे विश्वास है। यह कार्यक्रम में उपस्थित बरही प्रखंड के अध्यक्ष संतोष रजवार, प्रधान सचिव विष्णुधारी महतो,बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्म जी, भोली पासवान, प्रकाश दास, छोटी राम, राजू महतो, वाजुल अंसारी, बाबूलाल पासवान, मिडिया प्रभारी बबलू साहु, तिलेश्वर साहू सेना के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता उप. स्थित रहे। मौके पर अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा कि तिलेश्वर साहू सेना का हर कार्यकर्ता गरीबों व महिलाओं के हक और अधिकार के लिए हर संभव कदम उठाने के लिए तैयार हैं। स्वर्गीय तिलेश्वर साहू के सपनों को पूरा करने व सेना के उद्देश्यों को साकार करते हुए गरीबों भाई लोगों का हर संभव मदद करने के उद्देश्य हेतु तिलेश्वर साहू सेना पूरी तरह कटिबद्ध है। सेना हमेशा हमेशा निस्वार्थ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में आवाज बनने का काम करेगा। समझौत। कार्यकम में विजय मेहता मुखिया बन्दरबेला पंचयात, करण ओझा उर्फ कारु, अनिल शर्मा, बंगाली प्रसाद मेहता, कुणाल ओझा, संजू ओझा, मनीष मेहता, राजीव मेहता, मो रसीद, अशोक मेहता, पप्पू मेहता, सतीश मेहता, अनिल मेहता, मनीष मेहता, मो इनताब, मो अजहरउद्दीन, कुणाल ओझा, कारु मेहता (लालचंद मेहता), राजीव कुमार, संजय कुमार आदि उपस्थित रहें।

## विश्व हिंदू परिषद बरही दुलमहा खंड एवं बुंडू उपखंड की समिति गठित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बैठक में शामिल विहिंप से जुड़े लोग

विश्व हिंदू परिषद के संगठन विस्तार योजना के तहत विश्व हिंदू परिषद बरही ईकाई की प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार की अध्यक्षता में मलकोको पंचायत के बूंडू गांव में उपखंड समिति एवं दूलमा्हा खंड में खंड समिति का गठन किया । जिसमें कार्यक्रम का संचालन प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने किया । मुख्य अतिथि के रूप में जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता एवम जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मिथिलेश श्रीवास्तव इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से संगठन का विस्तार करते हुए दुलमाहा पंचायत समिति का गठन किया । जिसमें प्रकाश साहू को पंचायत अध्यक्ष, सुरेंद्र यादव को मंत्री, दिलीप कुमार यादव को बजरंग दल संयोजक, प्रदीप गुप्ता को सत्संग प्रमुख एवं अभिमन्यु गुप्ता को मिलन प्रमुख बनाया गया । वही मलकोको पंचायत के बुंडू ग्राम में उपखंड समिति का गठन करते हुए सर्वसम्मति से रोहित कुमार यादव को अध्यक्ष, संतोष कुमार यादव को मंत्री, मनीष कुमार यादव को बजरंग दल संयोजक , मनोज कुमार यादव को सत्संग प्रमुख एव राजेश कुमार को मिलन प्रमुख का दायित्व दिया गया । इस कार्यक्रम में रंजित यादव,कालीचरण यादव, अशोक यादव, विजय यादव, रोहित यादव ,मनीष यादव, गणेश यादव, सिकंदर यादव ,सुरेंद्र यादव ,सागर चंद्रवंशी, प्रखंड सामाजिक समरसता प्रमुख चंदन केसरी सहित अनेकानेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शत प्रतिशत रहा इंडियन पब्लिक स्कूल के 9 वीं के विद्यार्थियों का रिजल्ट

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बासुदेव साव (निदेशक)

जैक बोर्ड द्वारा जारी की गई नवमी की परीक्षा परिणाम में ओरिया शिहपुर में संचालित इंडियन पब्लिक स्कूल का रिजल्ट बेहतर रहा है विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बेहतर अंक के साथ उत्तीर्ण हुए हैं । इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक बासुदेव कुमार साव ने कक्षा नवमी के छात्रों की सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है । जिन बच्चों का बेहतर परिणाम रहा है उनमें लक्ष्मी कुमारी, बसंती कुमारी, आरती कुमारी, डॉली कुमारी, सूर्यमुखी कुमारी, गौतम कुमार ,मनीषा कुमारी ,ओम शांति कुमारी ,सचिन कुमार, ललिता कुमारी, पंकज कुमार आदि शामिल है सभी ने प्रथम श्रेणी से उतीर्ण होकर विद्यालय का नाम रौशन की हैं । विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार, संदीप कुमार, उत्कर्ष कुमार ,पवन कुमार ,सुमन कुमार, विजय कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए सफल हुए सभी विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की है।






दिनांक: 28-08-2022

पेज सं0: 03

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## डिवाइन पब्लिक स्कूल में शिक्षक अभिभावक की बैठक






**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा सीबीएसई मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल गंगपाचो में शिक्षक अभिभावक मासिक बैठक का आयोजन किया गया ।सर्वप्रथम अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गान के द्वारा अभिभावकों का स्वागत किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने विद्यालय व बच्चो की प्रगति की रिपोर्ट से सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बच्चों की डायरी और नोटबुक की प्रतिदिन जाँच करें ।अभिभावक सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। अभिभावक सुनील श्रीवास्तव बच्चों की समस्याओं से शिक्षक व प्रबंधन को अवगत कराए। विद्यालय के निदेशक आई.पी.भारती ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए साझा प्रयास किया जाना चाहिए तथा सकारात्मक सोच बच्चों में डालें। पीटी 2 परीक्षा में तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्र, छात्राओं को विद्यालय की ओर से बच्चों के साथ उनके व अभिभावको को भी सम्मानित किया गया। पुरस्कृत छात्रों में निशा कुमारी, बुशरा प्रवीन, रुही फातिमा, श्रेया गुप्ता, भुमिका कुमारी, रौशन मंडल, कृष्णानंद, विद्या भारती, प्रियदर्शिनी वर्मा, करन यादव, प्रियांशी कुमारी, सोनु कुमार, नमन कुमार, अदिति रंजन, परी साहु, आरव कुमार स्वेक्षा राय, समीक्षा राय , मृत्युंजय कुमार थे। मंच संचालन करते हुए शिक्षक मनोहर कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों के विकास में शिक्षक और अभिभावक की भूमिका अहम होती है दोनों अपने दायित्वों को समझें। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय कुमार यादव, अनिल उपाध्याय, विमल किशोर, अरुण प्रसाद, प्रीति प्रभा समेत विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

## बेहतर कर्मी का पुरस्कार मिला दिलीप को

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा प्रखंड कार्यालय बरकट्ठा में आयोजित विधिक सेवा सह सशक्तिकरण मेगा शिविर में जिला न्यायधीश रीमा कुमारी, पूर्णिमा कुमारी , प्रखंड प्रमुख रेणु देवी , बीडीओ कीर्तिबाला लकड़ा द्वारा संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु बीएफटी दिलीप कुमार दास संतोष शर्मा, पंचायत सचिव कैलाश प्रसाद कुशवाहा, प्रदीप कुमार मेहता , प्रखंड समन्वयक अजय कुमार तथा कंप्यूटर ऑपरेटर परमेश्वर तुरी को सामूहिक रूप से प्रशस्ति पत्र दिया गया । मेगा शिविर कार्यक्रम में थाना प्रभारी बरकट्ठा ,थाना प्रभारी गोरहर एवम जिला न्यायलय के सहकर्मी , प्रखंड सह अंचल कार्यालय के तमाम पदा. धिकारी तथा सभी कर्मी के अलावा जनप्रतिनिधि व प्रखंड के अन्य पंचायतों से काफी संख्या में ग्रामीण आए ।

## ग्राम विकास समिति द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन कर मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित





**अपेम लाइव :चंदवारा**
**कुलदिप कुमार**

कोडरमा प्रखंड के वृंदा मे रविवार को ग्राम विकास समिति वृंदा के तत्वधान में रात्रि में हनुमान मंदिर परिसर वृंदा में ज्ञान रतन प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम ग्राम विकास समिति वृंदा ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया। मौके पर प्रतिभावन छात्रा पुष्पा कुमारी, संजना कुमारी, प्रिया कुमारी ने स्वागत गान गाकर अतिथियों को स्वागत किया गया। ज्ञान रत्न प्रतिभा सम्मान समारोह में मैट्रिक एवं इंटर बेहतर प्रदर्शन 30 छात्र–छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर अतिथियों के द्वारा मंच पर सम्मानित किया गया। ज्ञान रत्न प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला आपूर्ति पदा. धिकारी प्रमोद राम ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है इसलिए सभी छात्र छात्राओं को अपने मंतव्य के द्वारा हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जब तक आप शिक्षा अच्छा से ग्रहण नहीं करोगे तब तक मंजिल नहीं पा पाओगे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम विकास समिति के उपाध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर लंबे संघर्षों के बाद पढ़ने लिखने की आजादी दिए इसलिए उनके मार्गदर्शन पर छात्र छात्राओं को चलने की आवश्यकता है शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वह दहाड़े गा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष गुरु प्रसाद साव ने कहा कि शिक्षा शिक्षा के प्रति गांव में अभियान चलाकर लोगों को जागरूकता फैलाए जाएगा गांव में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा साथ ही साथ उनके अभिभावकों को भी अपने बच्चों के प्रति शिक्षा के लिए ध्यान देने के लिए अपील किया गया कार्यक्रम को राजू यादव, महामंत्री कामेश्वर राम, सचिव सुरेश कुमार यादव, विजय यादव, प्रदीप रजक, शंभू रजक, पवन कुमार रजक, जीवलाल रजक, सहदेव यादव, श्याम सुंदर यादव, अर्जुन रजक, दिलीप यादव, राजेश रजक, लक्ष्मण रजक, नारो यादव, नारायण साव, विशेश्वर साव, जोधन साव, प्रकाश साव, रामदेव साव, कामेश्वर यादव, राजेंद्र यादव, विनोद बिहारी रजक, अशोक रजक, प्रदीप रजक, मुकेश रजक, छात्रधारी रजक समेत कई लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

## विहिप पंचायत अध्यक्ष बने संजय कौशल

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड इकाई की बैठक चौती दुर्गा मंदिर सलैया में किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव एवं संचालन प्रखंड मंत्री सत्यम भारती ने किया ।सर्वसम्मति से विहिप सलैया पंचयात अध्यक्ष संजय कुमार कौशल, उपाध्यक्ष अनिल कुमार, मंत्री अनुज कुमार, सह मंत्री अरविंद कुमार, संयोजक कुंज बिहारी प्रसाद, सह संयोजक बिनोद कुमार, सत्संग प्रमुख आशुतोष राज, मिलन प्रमुख मुकुंद प्रसाद, सेवा प्रमुख संजय कुमार को मनोनीत किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा ओबीसी जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र प्रसाद चौधरी, प्रखंड उपाध्यक्ष बिनोद प्रसाद, प्रखंड संयोजक दीपक राणा, प्रखंड प्रचार प्रमुख धीरज गुप्ता, प्रखंड सह मंत्री विकास कुमार, प्रखंड सत्संग प्रमुख महेश्वर प्रसाद, मनोज प्रसाद, बद्री महतों, कैलाश प्रसाद, चेतलाल राणा, अनीश कुमार, हीरालाल प्रसाद, मोहन प्रसाद, राजेश राम, राज पंडित समेत बड़ी संख्या में सनातनी उपस्थित हुए।

## विधायक ने शिक्षा मंत्री को मांग पत्र सौपा

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी की मौजूदगी में विधायक अमित कुमार यादव, डीसी कोडरमा आदित्य रंजन व डीवीसी चेयरमैन राम नरेश सिंह के बीच पिछले दिनों विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा बांझेडीह पावर प्लांट में तिलैया डैम का पानी रोक दिया गया था इस विषय पर विधायक अमित कुमार यादव ने डीवीसी के चेयरमैन से क्षेत्र में कम बिजली कटौती, डीवीसी द्वारा संचालित प्लस टू विद्यालयों में नियुक्त शिक्षकों को समय पर वेतन दे पिछले 30 महीनों के वेतन शिक्षकों को नही मिला है , साथ ही प्रभावित क्षेत्र में डीवीसी जन सरोकार से जुड़े विकास कार्यो को अमलीजामा पहनाए, आर आर पालिसी लागू की जाए स्थानीय बेरोजगारों को नॉकरी दी जाए समेत विभिन्न मांगों के समर्थन में एक मांग पत्र केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को सौपा गया डीवीसी चेयरमैन ने कहा डीवीसी कम बिजली कटौती को लेकर तत्तपर है साथ ही विभिन्न मांगों के आलोक में विचार किया जाएगा ।

## सांसद एवं विधायक ने जल मीनार का किया शिलान्यास

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा :–प्रखड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खरगू में जल मीनार का शिलान्यास किया गया। जलमीनार का शिलान्यास कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव विधिवत पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़ कर के किया गया। मौके पर जिप सदस्य सविता सिंह, बरकट्ठा उत्तरी जिप सदस्य कुमकुम देवी, पिंकी जैन, मुख्य संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, मुखिया ललिता देवी, कुमार अंशु थे। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने सांसद एवं विधायक श्री क्षेत्र की मुख्य मुख्य समस्याओं से अवगत कराया जिसके बाद सांसद अन्नपूर्णा देवी ने केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को लोगों के बीच रखा और लोगों को हो रही समस्याओं उसको निदान करने का आश्वासन दिया। वहीं विधायक अमित कुमार ने क्षेत्र में हो रही बिजली की समस्या में आ रही अड़चनें को जल्द निदान करते हुए कहां की वन विभाग के द्वारा जो बार–बार अड़चनें रही है। यदि वन विभाग इसे जल्द निदान नहीं करती है तो मैं खुद खड़ा होकर इस कार्य को पूरा करने का काम करूंगा और जल्द चल कुसा पावर सब स्टेशन को चालू कराने का काम करूंगा। जिप सदस्य सविता सिंह क्षेत्र के कई सड़क की समस्याओं को सांसद एवं विधायक को अवगत कराने का काम किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुबोध चौधरी सुखदेव यादव, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल पूर्व उप प्रमुख दुर्गा यादव, मुखिया प्रतिनिधि सीताराम पंडित, विक्रमादित्य सिंह, बासुदेव यादव ,रामजीत रजक, अशोक यादव, विजय चौधरी, राजेश यादव, राजेंद्र साहू, सुशील कुमार, शंकर ठाकुर, गोविंद चौधरी, मोहसिन कमाल, पिंटू मोदी काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आवास के लिए महिला ने अधिकारियों से लगाई गुहार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के लसकरी निवासी शमीदा खातून पति ताहिर अंसारी के घर का स्थिति काफी जर्जर है। घर में एक ही कमरा है जिससे पूरा परिवार एक ही कमरा में अपना जीवन व्यतीत कर रहा है। बरसात में स्थिति यह है की घर में जगह जगह से पानी टपकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला के पति मो ताहिर बाहर में मजदूरी करते है। वहीं पीड़ित महिला गांव में मजदूरी कर अपना जीवनयापन करने को मजबूर है। जिसको लेकर पीड़ित महिला ने बरही के आला अधिकारियों से प्रधानमंत्री आवास के लिए गुहार लगाई है।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## चलकुशा में मेगा शिविर का हुआ आयोजन

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा. प्रखंड मुख्यालय परिसर में मेगा लीगल इम्पावरमेंट शिविर का आयोजन किया गया। लेकिन प्रचार-प्रसार के अभाव में लोग जन कल्याणकारी शिविर में पहुंचने से महरूम रह गए. इस शिविर में ज्यादातर ब्ल०क का स्टाफ आंगनबाड़ी सेविका है या पदाधिकारी ही नजर आए इनके जरिए ही इस मेगा शिविर का खानापूर्ति किया गया. यह शिविर साल में संभवत एक बार ही आयोजन किया जाता है, जिसमें लोग अपने कानूनी मामलों के समाधान को लेकर ब्ल०क आते हैं तथा मजिस्ट्रेट उनके समस्याओं का समाधान करने की कोशिश करते हैं. लेकिन कल्याणकारी शिविर का प्रचार प्रसार नहीं होने के कारण लोग शिविर में नहीं पहुंच पाए. पत्रकारों के पूछे जाने पर प्रखंड प्रमुख नीतू कुमारी ने कहीं की इस शिविर का प्रचार करीब एक सप्ताह पूर्व से ही करना चाहिए था प्रचार-प्रसार नहीं होने के कारण लोग नहीं पहुंच पाए. जिप सदस्य सविता सिंह ने कहीं की इस कैंप में एक भी समस्या का समाधान नहीं हो ना यहां की जनता के लिए दुर्भाग्य है यदि मेगा इम्पावरमेंट शिविर का प्रचार प्रसार होता तो निश्चित ही यहां की जनता को फायदा पहुंचता है, यदि इस शिविर में एक भी मामला का समाधान होता तो लोगों के बीच एक अच्छा संदेश जाता. मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह ने कहा कि पदाधिकारी समझते हैं कि डिजिटल तौर पर लेटर व्हाट्सएप पर डाल देने से प्रचार हो जाएगा लेकिन वास्तव में व्हाट्सएप ग्रुप से सभी लोग जुड़े नहीं होते, कई लोगों के पास मोबाइल नहीं होती है. ऐसे में उन लोगों के पास संदेश पहुंचना मुश्किल है इस तरह के जन कल्याणकारी शिविर को लाउडस्पीकर के जरिए प्रचार कर लोगों को जानकारी देनी चाहिए. वही मनैया पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि शंकर साव ने कहा हम लोगों को इस शिविर के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## राज्यस्तरीय कराटे कैम्प में 200 कराटेकारों ने किया हुनर का प्रदर्शन

### प्रदर्शन के आधार पर बेल्ट की हुई ग्रेडिंग

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ के कराटे कैम्प में युद्धकौशल का प्रदर्शन करती महिला कराटेकार

विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में रविवार को डड़ी बलसारा आशिहारा काईकन फाउंडेशन द्वारा राज्यस्तरीय कराटे कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें विष्णुगढ़ के अलावा बरकट्ठा, बड़कागांव, हजारीबाग, सदर, सरिया, बगोदर, चतरा समेत कई जगहों से पहुंचे करीब 200 महिला-पुरुष कराटेकारों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कराटेकारों ने काता, फाइट समेत विशेष आत्मरक्षा तकनीक को लोगों के सामने रखा। जिसकी लोगों ने काफी सराहना की। अतिथियों में जिप सदस्य शेख तैयब, उपप्रमुख सरयू साव, पूर्व जिप सदस्य यशोदा देवी व जयप्रकाश पटेल, चेड़रा उपमुखिया रीना देवी आदि ने कैम्प में शामिल सभी कराटेकारों की हौसला आफजाई करते हुए कहा कि कराटे बिना अस्त्र-शस्त्र की सहायता से आत्मरक्षा का सबसे बेहतर साधन है। विशेषकर लड़कियों को इसे अवश्य सीखना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यालयों में इसे अनिवार्य करने के लिए अपने स्तर से प्रयास करने की बात कही। शिहान समीर बग्गा ने कहा कि कराटे आत्मरक्षा के अलावा कैरियर बनाने में भी सहायक है। इसमें सुरक्षा बलों के समान प्रशिक्षण प्राप्त कर कई सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों में भी रोजगार हासिल किया जा सकता है। प्रशिक्षकों में शिहान प्रवीण कुमार, शिहान लखन प्रसाद, शिहान अमित शर्मा, शिहान गौतम भारती, सेंशाय सुरेंद्र राम, मनोज, धीरज कुमार, दिलीप, पूजा, पूनम महतो, तालो कुमारी, प्रीति कुमारी, सीमा आदि ने प्रशिक्षुओं को प्रदर्शन के आधार पर ब्लू, येलो, ब्रॉउन, ब्लैक बेल्ट आदि में ग्रेडिंग प्रदान किया। प्रशिक्षुओं को ट्रॉफी, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कई लोग शामिल थे।

## विष्णुगढ़ में विधिक सेवा प्राधिकार सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

### गरीब व महिलाओं को मिलेगी मुफ्त कानूनी सहायतारू सिविल जज

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में विधिक सेवा प्राधिकार सशक्तिकरण शिविर में मौजूद लोग

विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकाश पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी व संचालन बीपीआरओ रामचंद्र दांगी ने किया। बतौर मुख्य अतिथि सिविल जज डिवीजन-7 विक्रांत रंजन ने कहा कि शिक्षित और जागरूक होकर आप आसानी से न्याय हासिल कर सकते हैं। न्यायिक प्रक्रिया थोड़ी लंबी होती है लेकिन न्याय जरूर मिलता है। गरीब, महिलाओं एवं असहायों के लिए झालसा के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। शिविर में 41 किसानों को केसीसी ऋण, स्वयंसेवी संस्था समाधान द्वारा बेड़ा हरियारा पंचायत के तुरी बस्ती, हरिजन बस्ती व तिलैया बस्ती के किसानों के बीच तीन पम्पसेट का वितरण, 15 लाभुकों के बीच धोती साड़ी व लुंगी, जेएसएलपीएस के माध्यम से 27 महिला समूहों के बीच 52 लाख का ऋण वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी, अंचल अधिकारी रामबालक कुमार, मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब, उपप्रमुख सरयू साव, पणन पदाधिकारी आलोक कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार, महताब हुसैन, झालसा से अनुप्रिया कुमारी, अनुज कुमार राय, शाहबाज जमा, समाधान से संजीव भट्टाचार्जी, हिल्डा पिंटो, मुखिया उत्तम महतो, निर्मल कुमार, राजेन्द्र मंडल, मुकेश महतो, सुनील, मुन्नी देवी, सुनील कुमार, जुगल महतो, रीना वर्मा, मंजू देवी, पुनिया देवी समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

## रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में क्विज कंपीटिशन का हुआ आयोजन, काटें की टक्कर में लड़कों की टीम ने 13-12 से मारी बाजी

### विजेता टीम को प्रशंसा प्रमाण पत्र एवं उपविजेता टीम को मेडल देकर किया गया सम्मानित

### कंप्यूटर है आधुनिक युग की जरूत, अपने क्षेत्र को शत प्रतिशत शिक्षित करने का है लक्ष्य : राकेश रोशन





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

हजारीबाग रोड स्थित पानी टँकी के समीप संचालित रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में क्विज कम्पटीशन का आयोजन किया गया। क्विज के लिए दो अलग अलग टीम बनाए गए थे। पहला टीम लड़कियों का था और दूसरा लड़कों का। इस क्विज में प्रत्येक ग्रुप से 25-25 प्रश्न पूछे जाने थे जिसमें दोनों लड़कों की टीम 13 अंक और लड़कियों की टीम ने 12 अंक स्कोर किए। इस कड़ी प्रतियोगिता में दोनों टीमों ने अपना दमखम अंतिम क्षण तक दिखाया और अंततः लड़को की टीम ने 1 अंक के साथ बढ़त बना लिया और इस कंप्यूटर क्विज प्रतियोगिता के विजेता बने। क्विज के उपलक्ष्य में इंस्टिट्यूट के निदेशक राकेश रोशन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह क्विज प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाता रहेगा। इस क्विज का उद्देश्य स्टूडेंट्स के तार्किक और बौद्धिक विकास में वृद्धि कराना है। ऐसे प्रतियोगिता से बच्चों के बीच प्रतियोगी भावना जागृत होते हैं, जिससे कि आने वाले चुनौतियों पर आसानी से विजयी पाया जा सके और यह धीरे धीरे साकार होते दिख रहा है। ज्ञात हो कि कंप्यूटर विषय से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भी प्रश्न पूछे जाते हैं। इसके अलावा व्यवस्था एवं अन्य दैनिक कार्यों के लिए कंप्यूटर की जानकारी होना आवश्यक हो गया है। कंप्यूटर क्विज प्रतियोगिता के परिणाम के बाद विजेता टीम को इंस्टिट्यूट के निदेशक द्वारा विजेता टीम को प्रशंसा प्रमाण पत्र एवं उपविजेता टीम को मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पिछले बार के विजेता एवं उपविजेता टीम को सम्मानित किया गया। साथ ही कंपीटिशन डिपार्टमेंट के मुख्य शिक्षक अंकित कुमार चन्द्रवंशी ने विजेता एवं उपविजेता टीम के बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। कंप्यूटर क्विज के विजेता टीम में विकाश कुमार, सैनिक कुमार सिंह, शुभम निषाद, समर आनन्द, रुतेंद्र गुप्ता, मो. शोहराब, अभिषेक चन्द्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, सोनू कुमार, शिवम कुमार, शुभम कुमार, सागर कुमार, उदय कुमार, प्रदीप पंडित, नागेश्वर ठाकुर, गुलाब शाबिर, अमर यादव, अंशु यादव, आदि शामिल थे। साथ ही उपविजेता टीम में अंशु गुप्ता, नीतू कुमारी, मनीषा कुमारी, पूनम कुमारी, कृति कुमारी, रिमझिम कुमारी, रिफत रोज़ी, रुकसार प्रवीण, तन्नू कुमारी, रोशलेट निर्मला, रिफ्फत प्रवीण, जनिता, सिंह, आकांक्षा कुमारी, शिवानी कुमारी आदि शामिल थी।

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक संपन्न कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : झारखंड महाविद्यालय बड़कागांव में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर एवं संचालन सचिव दिनेश कुमार रवि उर्फ़ गुड्डू ने किया। बता दें कमेटी गठन होने के बाद सदस्यों के साथ यह पहला बैठक थी। बैठक की शुरुआत सदस्यों के साथ परिचय से शुरू हुआ। कमेटी का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से मिडिया प्रभारी सूरज कुमार को बनाया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने निर्णय लिया कि विस्थापित प्रभावित लोगो के साथ हर प्रकार के सुख दुःख मे झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन हमेसा साथ खड़ा रहेगी। मौके पर उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने कहा कि विस्थापित - प्रभावित एवं वर्करों के साथ झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन हमेशा उनके साथ है। आगे उन्होंने कहा विस्थापन से संबंधित समस्याओं को लेकर ग्रामीण यूनियन से अवश्य मिले एवं अपना समस्याओं को बताएं। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, संजय सिंह ,दिनेश कुमार, मिथलेश प्रजापति, गोपाल महतो, हेमंत भुन्या, रामचंद्र साव, प्रमोद महतो, परमेश्वर कुमार गुप्ता, चमन साव, साबिर हुसैन, रोहित कुमार, मो रब्बानी, संजय सिंह, विक्रम कुमार, नरेश भोगता, जयराज, कृष्णा कुमार, घनश्याम कुमार, अशोक कुमार, अभय कुमार,निकिता कुमारी आदि लोग उपस्थिति थे।

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूज़पेपर

## झापा पैक्स अध्यक्ष पर लगा 31 लाख गबन का आरोप, राशि वसूलने का आदेश जारी






**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

झापा पैक्स अध्यक्ष सत्यम राज पिता बिनोद सिंह पर प्रबंधक निदेशक झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड राँची ने लगभग 31 लाख राशि का धान किसानों से लेकर राईस मिल में नही जमा करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाई का आदेश दिया है। इस संदर्भ में विभागीय पत्रांक 3333 दिनांक 08/08/2022 के आलोक में वितीय वर्ष 2021 – 22 के तहत झापा पैक्स अध्यक्ष सत्यम राज द्वारा किसानों से अधिप्राप्ति धान को मिल में नही पहुँचाने का आरोप है। आरोप है कि सबधित पदाधिकारियों द्वारा झापा पैक्स गोदाम में निरीक्षण करने पर गोदाम खाली पाया गया जबकि अ०नलाइन पोर्टल के अनुसार झापा पैक्स में एक हज़ार पांच सौ पन्द्र क्विंटल धान जमा नही किया गया है जिसका प्रत्ति क्विंटल 2050 रुपये की दर से कुल 31,06898 रुपये राशि होता है। इस संदर्भ मे जिला प्रबंधक ने बताया कि झापा पैक्स अध्यक्ष सत्यम राज को धान जमा करने के लिए नोटिस भेजा गया है बा. वजूद अध्यक्ष द्वारा धान मिल में जमा नही किया जा रहा है। ऐसे में हमने कार्यवाई हेतु अनुमंडल पदाधिकारी बरही को पत्र लिखा है।

**हमने सारा धान जमा कर दिया है, आरोप झूठा है रु पैक्स अध्यक्ष**

इस संदर्भ में बात करने पर पैक्स अध्यक्ष सत्यम राज ने बताया कि किसानों से प्राप्त धान को हमने राईस मिल हजारीबाग को जमा कर दिया है जिसका रिसीविंग मेरे पास है। सात गाड़ी का रिसीविंग मिल से नही मिला लेकिन उसका कांटा किया स्लिप मेरे पास है। कहा हमने हजारीबाग डीसी मैडम को मामले से अवगत करा दिया है। प्रबंधक द्वारा मुझपर झूठा आरोप लगाया जा रहा है।

## भव्यता से मनेगा विश्वकर्मा पूजा, प्रमुख सहित निर्वाचित जनप्रतिनिधियो होगा सम्मान समारोह

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



पाण्डेयबारा आरापगार स्थित विश्वकर्मा मंदिर में चौय विश्वकर्मा समाज चौपारण इकाई द्वारा अध्यक्ष मिथलेश्वर प्रसाद राणा के अगुवाई में सम्पन्न हुवा। बैठक के दौरान आगामी 17 सितंबर को बाबा विश्वकर्मा पूजा को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही चौय विश्वकर्मा के बैनर तले चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी, पदमा प्रखण्ड के उप प्रमुख सतेंद्र राणा सहित पंचायत चुनाव में निर्वाचित समाज के सभी जनप्रतिनिधियो को सम्मानित किया जाएगा। विश्वकर्मा पूजा को भव्यता देने के लिए आगमी 3 सितंबर को चौपारण, बरही, पदमा, इट्खोरी, मयूरहंड प्रखण्डो का एक साथ बैठक कर कार्यक्रम का रूप रेखा तैय किया जाएगा। बैठक में समाज की मजूबती व पंचायत स्तर पर संगठन विस्तार लर चर्चा किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र राणा ने किया। बैठक में कोषाध्यक्ष भीखन राणा, रामलखन राणा, बिरेन्द्र राणा, युगल राणा, बिरेन्द्र कुमार राणा, नाथों राणा, प्रमु राणा, कैलाश राणा, कपिल राणा, बसन्त राणा, दिलीप राणा, सुभाष राणा, रूपलाल राणा, बालेश्वर राणा, अवध राणा, महेश राणा, मर्हेंद्र राणा, अशोक राणा, शंकर राणा, राजकुमार राणा, उपेंद्र राणा, राजेन्द्र राणा, रामचन्द्र राणा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।




## तमासिन जलप्रपात में गिरा युवक,खोज मे लगे गोताखोर

### उपायुक्त अबू इमरान,एसपी राकेश रंजन,एसडीपीओ अविनाश कुमार पहुचे घटना स्थल पर





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी :–झारखण्ड राज्य के चतरा जिले के चर्चित जलप्रपात तमासिन जलप्रपात में चार दोस्तों के साथ घूमने आया एक युवक जलप्रपात में गिर गया।चारो युवक गया जिले के इमागंज थाना क्षेत्र के कोचीया गाव के रहने वाले है।सभी सुबह घूमने पहुचें थे इसी दोरान,रितिक रंजन उम्र (20) पिता सतरोहन सिंह ने फाल को पार करते समय पानी के तेज धार में बड़ा दह में डूब गया।साथियो ने इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों को दिया।जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने युवक को जलप्रपात में डूबने की जानकारी कान्हाचट्टी बी डी ओ सह सी ओ हुलास महतो एवं राजपुर थाना प्रशासान को जानकारी दी।सूचने मिलते ही बी डी ओ हुलास महतो एवं रा. जपुर थाना प्रभारी विकास पासवान दल बल के साथ घट्ना स्थल पर पहुच कर कैंप किया।जब शोशल मीडिया के माध्यम से इनकी जानकारी उपायुक्त अबु इमरान, एसपी राकेश रंजन, एसडीपीओ अविनाश कुमार,बीडीओ हुलाश महतो,समेत सभी अधिकारी पहुच कर जायजा लिया।प्रशासन ने लोकल गोताखोर को फ०ल में डूबे शव को खोज बिन के लिए बुलाया।जिसके बाद चौपारण के चौ से गोताखोर आकर शव को खोजने का प्रयास किया लेकिन जलप्रपात में अधिक, पानी के स्तर बढ़ने के वज़ह से खोज बिन रोक दिया गया।जल स्तर कम होने के बाद कल पुनः खोजा जाएगा,ज्ञात हो कि एक वर्ष में यह तीसरी घट्ना है। उपायुक्त व एसपी ने युवक के परिजन से बात कर सांत्वना दिया साथ सुरक्षा को लेकर कई सुझाव दिए।वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने भी शव की खोजबीन कर रही है।

शव को खोज रहे 40 से 50 लोगो की बची जानरू–जब स्थानीय लोग और प्रशासान शव को जलप्रपात में ढूंढ रहे थे वैसे ही अचानक फ०ल में जलस्तर इतना बढ़ गया कि लोग गिरते परते नदी से बाहर नहीं भागते तो आज तमासिन में बड़ी घट्ना घट जाती और स्थानीय ग्रामीणों प्रशासान एवं गोताखोर भी काल के गाल में समा जाते।सभी ने ऊपर आकर ईश्वर का आभार जताने लगे।यानी आज एक शव की खोज में कई लोगो का शव मिल जाता लेकिन ऊपर वाले का शुक्रगुजार है कि लोग बच गए।

## अवैध पोडा कोयला लदे वाहन के साथ चालक गिरफ्तार, वाहन जप्त

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**





चौपारण : पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना मिल रही थी कि झारखण्ड से चौपारण के रास्ते कोयला तस्करों के द्वारा अवैध पोडा कोयला को छोटी वाहन में तस्करी कर बिहार ले जाया जा रहा है। इस संबंध बीते रात अवैध पोडा कोयला परिवहन के विरुध थाना प्रभारी चौपारण शम्भु नन्द ईश्वर एवं चोरदाहा चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिक. ारी तथा सशस्त्र बल के साथ वाहन चेकिंग लगाया गया। इस क्रम में चौपारण से बिहार की ओर जाने वाली गाडियों की चेकिंग के दौरान एक 407 वाहन को बिना वैध कागजात के साथ पोडा कोयला लदा पाया गया। मामले के सत्यापन पश्चात विधिवत जप्ति सूची बनाकर 407 वाहन को जप्त किया गया। इस संबंध में चौपारण थाना काण्ड संख्या 256/22 दिनांक 28 अगस्त 2022 धारा 414/34 भादवि एवं कोल माईस एक्ट दर्ज किया गया। साथ ही चौपारण थाना क्षेत्र के कशीयाडीह निवासी प्रिंसी कुमार गुप्ता (27) पिता छोटु साव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। फिलाल पुलिस इस कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध जांच कर रही है।

## गणेश महोत्सव को लेकर कमेटी का गठ्न गौतम वर्मा पुनः सातवीं बार अध्यक्ष चुने गए

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


गौतम वर्मा

बड़कागांव दैनिक बाजार में गणेश महोत्सव को लेकर मां बसंती दुर्गा पूजा समिति के प्रांगण में श्री गणेश पूजा सर्व समिति गठ्न को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष गौतम वर्मा एवं संच. ालक विक्की सोनी ने किया । जिसमें सर्व समिति से एक बार फिर से स्वर्णकार गौतम वर्मा को लगातार सातवीं बार अध्यक्ष बनाया गया एवं सचिव विक्की सोनी चुने गए। इनके अलावा कोषाध्यक्ष संदीप पंडित, उपाध्यक्ष कुणाल चौरसिया, उपसचिव आकाश सोनी, अभिषेक सोनी, डेकोरेशन मंत्री अंकित सोनी, लगन सोनी, गोलू गुप्ता ,उप कोषाध्यक्ष राहुल सोनी, संगठन मंत्री अभिषेक मेहता ,शुभम विश्वकर्मा, राज विश्वकर्मा ,मनोरंजन मंत्री प्रमोद सोनी, सुशांत मेहता, गोपाल विश्वकर्मा, संयोजक भोला विश्वकर्मा, रोहन कुमार, महामंत्री पिंकू सोनी, विक्रम विश्वकर्मा, पूजा प्रभारी विकास कुमार कुशवाहा, रंजीत कुमार, कुंदन विश्वकर्मा ,बंटी वर्मा ,आदित्य सोनी, आयुष कुमार, पूजक अनुपम ,आर्यन, सदस्य संदीप सोनी ,विवेक मेहता, तपेश्वर महतो , अजय महतो ,पंडित रमेश मिश्रा को बनाया गया। गणेश पूजा के अध्यक्ष स्वर्णकार गौतम वर्मा ने कहा कि इस बार बहुत ही धूमधाम से गणेश महा उत्सव मनाया जाएगा इस बार 5 दिनों तक पूजा एवं भव्य भंडारे का आयोजन एवं संध्या में महाआरती का आयोजन पूजा समिति के द्वारा आयोजित किया जाएगा।

APEM LIVE